
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 13 | अंक : 153 | 30 मार्च, 2018 | मूल्य : 20/-

श्रेष्ठ अध्यापिका, उत्कृष्ट वक्ता, लेखिका,
कुशल प्रशासिका, कवियित्री, समाजसेविका
और
नारी उत्थान की महानायिका,
भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

## सावित्री बाई फुले

की 121 वीं पुण्यतिथि पर
शतः शतः नमन



# हार्दिक श्रद्धांजलि





सेठ श्री भीकमदास परिहार
शिक्षा सेवा सदन ट्रस्ट के अध्यक्ष,
बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, समाज रत्न

## स्वर्गीय श्री जगदीश सिंह परिहार

**रविवार, 18 मार्च, 2018**

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी,
समाज के एक प्रमुख दानदाता,
रावत ग्रुप के चेयरमैन

## स्वर्गीय श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा

**शनिवार, 03 मार्च, 2018**

माली सैनी संदेश परिवार की ओर से

# दिवंगत आत्माओं को हार्दिक श्रद्धांजलि

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :13 ● अंक 153 ● 30, मार्च, 2018 ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## आगामी आयोजन

## प्रदेश माली महासभा का को प्रदेश स्तरीय जन प्रतिनिधी सम्मेलन

रविवार : दिनांक 01, अप्रेल, 2018, स्थान : विद्याधर नगर, 3 सेक्टर स्थित महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान राजस्थान, जयपुर

।। श्री गणेशाय नमः ।।

## निमंत्रण पत्रिका

**सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान, तीनों गाँव नागौर**

**प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 18 अप्रेल 2018 ( आखातीज )**

### पावन सान्निध्य

मारवाड़ माटी के सुविख्यात श्री बड़ा रामद्वारा सूरसागर ( जोधपुर ) के महंत

**परमहंस श्री 108 श्री रामप्रसाद जी महाराज**

श्री विनायकजी महाराज एवं संत श्री लिखमीदासजी महाराज की असीम कृपा से **सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीनों गाँव, नागौर** की ओर से **रुक्मिणी विवाह मंगल कथा एवं 75 जोड़ों का प्रथम सामूहिक विवाह** का आयोजन किया जा रहा है।

| ।। प्रीतिभोज ।। | ।। पाणिग्रहण ।। |
| --- | --- |
| वैशाख सुदी 3, बुधवार | वैशाख सुदी 3, बुधवार |
| दिनांक 18 अप्रेल 2018 | दिनांक 18 अप्रेल 2018 |
| सुबह 10:15 बजे से | दिन में शुभ लग्न |

स्थान - रा.उ.मा.वि चेनार के पास

जिसमें आप सपरिवार सादर निमंत्रित हैं।

**स्थान - माली समाज भवन, डीडवाना रोड़, चेनार, नागौर**

-: निवेदक :-

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | सहसचिव | कोषाध्यक्ष |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| रामस्वरूप पंवार | रामजस भाटी | रामकुमार सोलंकी ( खक्कड़ ) | देवकिशन भाटी | टीकमचन्द कच्छावा |
| मो. 9461123113 | मो.9252738482 | मो. 9414269986 | मो. 9252066787 | मो. 9875181960 |

-: कार्यकारिणी सदस्य :-

राजेन्द्र पंवार, मुरारी साँखला, नेमीचन्द टाक, अर्जुनराम कच्छावा, रामबगस साँखला, मेहराम साँखला, रामकिशोर सोलंकी, रामपाल कच्छावा ( अतुसर ), राजेश साँखला( भोलू ), रामपाल कच्छावा ( रुपासर ), देवकिशन सोलंकी रामेश्वरलाल पंवार, इन्द्रचन्द कच्छावा, कालुराम सोलंकी, रमेशचन्द सोलंकी, धर्मेन्द्र सोलंकी

# समाज का इतिहास . . .



(समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी - पार्ट 11)

## माली जाति की उत्पति ...

इतिहासविद्
स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....



मनीष गहलोत

आज भी विदेशों में राजधर्म के रूप में प्रचलित है। 'महावंश' पर लिखित टीका में चन्द्रगुप्त को मौर्य नगर का राजकुमार बताया गया था । वहाँ का राजा क्षत्रिय शाक्यों की एक शाखा में से था । मोर पक्षियों की अधिकता से हिमालय के निकट का यह राज्य मौर्य कहलाया। महापरिनिव्वानसुत में लिखा है कि महात्मा बुद्ध के महाप्रयाण के समय (ई.पूर्व 477) पिप्पलीवन के मौर्यों ने कुशीनगर के मल्लों के पास संदेश भेजा था कि आप हमारी भाँति ही क्षत्रिय हैं। अतः हमें भी भगवान् बुद्ध के शरीर के अवशेष प्राप्त करने का अधिकार है । बुद्ध के समय में जो 10 स्वतंत्र राज्य थे, उनमें से एक राज्य पिप्पलीवनत के मौर्य क्षत्रियों का भी था। 'महाबोधिवंश' में लिखा है कि कुमार चन्द्रगुप्त वारिन्द्रकुल का राजवंशीय था। यह राजवंश शाक्यपुत्रों द्वारा निर्मित मोरियनगर का था। 'दित्यावदान' में चन्द्रगुप्त के पुत्र बिन्दुसार और पौत्र अशोक को स्पष्टतः क्षत्रिय कहा गया है । जैन ग्रन्थ 'परिशिष्टपर्वन' के अनुसार चन्द्रगुप्त मयूरपोषकों के सरदार का पुत्र था। यही विचार जैन ग्रन्थ 'आवश्यक सूत्र' की हरिभद्र टीका का भी है । 'कुमारपाल प्रबन्ध' में चितौड़ के मौर्यवंशी राजा चित्रांगद को रघुवंशी बतलाया गया है।

बौद्ध और जैन साहित्य के साक्ष्य मौर्यों को मोरों से सम्बन्धित सिद्ध करते हैं । यो भी मयूर मौर्यों का वश चिन्ह (डाइनेस्टिक एम्बल्म) था । मौर्यों के पंच मार्क सिक्कों पर मेरू पर्वत पर मोर अंकित हुआ है । स्पष्ट है कि मौर्य क्षत्रिय है ।

महाराष्ट्र के माली

महाराष्ट्र प्रदेश में माली समाज लाखों की संख्या में बसा हुआ हैं । भारतप्रसिद्ध सुप्रसिद्ध समाज सेवी महात्मा जोतिराव फूले महाराष्ट्र के ही माली थे । उनका गोत्र गोरा था । महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगनराव भुजबल भी माली ही है । झाझड के भूपेन्द्रकुमार सैनी ने महाराष्ट्र के माली समाज के विषय में सैनी समाज संस्था नवलगढ़ की स्मारिका जाग्रति (प्रकाशन 1997) के पृ. 67 पर लिखा है –

''महाराष्ट्र– यहाँ के माली समाज की मुख्य शाखा व पशाखायें सैनी राजपूत कुलों वाली है । जैसे भुमार (तंवर), भरेल (पंवार), गोरा (चौहान), वाहाड़–गहलोत वानखेड–गहलोत, नवले–पंवार बनकर लोखंडे, भालेकर, काजले, तखडी, होले पाढरे, कोरडे, अडत व्यवहारे, खटाले, ढोणे चतारे, शावे, भुजबल, सिपरकर, करादे, रेगले देशे, मगले, मालघूरे, सेरवुले, बेलसरे, देडे, घोडे, इंगले राउत, ढवले, आदलिये, बदले और झुट जिनसे माली जाति के विस्तार का अनुमान लगाया जा सकता है ।'' महाराष्ट्र माली समाज महासंघ पूना के अध्यक्ष (विधायक) कृष्णरूव इंगले है और सचिव माधवराव हुडेकर थे। पूर्व में (1998–2000) अध्यक्ष श्री बालमोहन आदलिंगे थे ।

क्रमश :........

# कृतज्ञ समाज ने माता सावित्रीबाई फूले की 121वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न आयोजन कर दी श्रृद्धाजंलि





**सामाजिक क्रांति की महानायिका माता सावित्री फूले की पुण्यथिति पर पुष्पांजलि ,बालिकाओ को पाठ्य सामग्री वितरण.....**

कोटा। सामाजिक क्रांति की महानायिका , भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका, सामाजिक क्रांति की अग्रदूत, विधवा पुनर्विवाह , छुआछुत, सतीप्रथा, दलित उत्थान के लिये समर्पित, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने वाली 'माता सावित्री फूले की 121 पुण्य तिथि' के अवसर पर सर्व माली समाज एवम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आज दिनाक 10 मार्च 2018 श्रीमंगलेश्वर महादेव वयामशाला छावनी, 'कोटा के प्रांगण मे पुष्पांजलि श्रृदा सुमन अर्पित किये और शिक्षा को प्ररित करने के उद्देश्य से बालिकाओ को पाठ्य सामग्री भेट की गई'

इस अवसर पर 'विचार गोष्टि' का आयोजन हुआ जिसमें 'प्रदेश महासचिव चिकित्सक संघ और माली समाज के मुख्य सलाहकार डॉ दुर्गा शंकर सैनी के सानिध्य में सभी ने संकल्प लिया की सामाजिक बुराई को खत्म करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और बेटी को शिक्षित करने हेतु योगदान देगें'। डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने कहा कि शिक्षा से ही सामाजिक उत्थान होगा और सम्पूर्ण राज्य में फूले दंपति से प्रेरणा लेकर सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर समाज के शैक्षणिक सामाजिक राजनीतिक सुधार हेतु संघर्ष की आवश्यकता है साथ ही भारत सरकार को पत्र लिखा जाएगा कि ऐसी अदभुत माता सावित्री फूले एवम ज्योति बा फूले के आदर्शों और शिक्षा की अलख जाग्रत करने को विज्ञापन और देश भर में पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए ताकि भारत मे शत प्रतिशत महिला शिक्षित हो।

सुनील गहलोत ने महात्मा फूले दंपति को भारत रत्न की बात कही। पुरुषोत्तम अजमेरा ने मां सावित्री फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला कि 18 वी सदी में सभी धर्म जातियों को शिक्षित करने की शुरुआत की गई जो अदभुत और सपना जैसा था। गुरु नाथूलाल पहलवान ने कहा कि कोटा में भी सामाजिक बुराइयों के अंत हेतु अभियान चलाया जाएगा, कोटा में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलनों,कार्यक्रम में महात्मा फूले एवम सावित्री फूले के आदर्शो को प्रचारित किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील गहलोत ,नद किशोर मामा,लक्ष्मीचंद, प्रतीक,प्रदीप सुमन,एडवोकेट दुर्गा शंकर, वैभव सैनी, प्रकाश सैनी, देवकरण सुमन, भानु पहलवान ,कौसल जी, अरुण सैनी, बंशीलाल, बृजमोहन, बाल किशन, विशाल जोगी, रोहित खरनिवाल, भवानीशंकर, कपिल गहलोत सहित बालक बालिकाएं, सैनी समाज बंधु एवम सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

**सावित्री बाई फूले की 121वी पुण्यतिथि पर संगोष्ठी**

**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान की ओर से शुक्रवार को प्रथम शिक्षक महिला व समाज सुधारक सावित्री बाई फूले की 121वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थन के जिला अध्यक्ष भवानीशंकर माली ने बताया कि सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि पर सुबह 10.30 बजे पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम विद्याधर नगर सेक्टर 3 स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान परिसर में आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल पंवार व राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी (फूलवाले) थे। इस अवसर पर पैरामेडिकल कॉसिल के पूर्व चैयरमेन जी.एल. वर्मा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण तंवर, पूर्व प्रधान मंजू सैनी, पूर्व प्रधान बंशीधर सैनी सहित अन्य गणमान्य समाज बंधुओं ने सावित्रीबाई फूले को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके मार्गदर्श पर चलने का संकल्प लिया।

संस्थान के जिलाध्यक्ष भवानीशंकर माली ने बताया कि सावित्री बाई फूले देश की प्रथम महिला शिक्षिका थी और उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

**जोधपुर।** महामंदिर स्थित रामबाग परिसर में माता सावित्री बाई फूले की 121 वीं पुण्यतिथि मुख्य अतिथि जेडीए के पूर्व चैयरमेन श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, माली संस्थान के अध्यक्ष श्री पुखराज सांखला, पूर्व अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा एवं महात्मा फूले बिग्रेड की प्रेदशाध्यक्षा श्रीमती ललिता महारावल की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने माता सावित्री बाई फूले की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा सर्वसमाज के उत्थान के कार्यो को याद किया। इस अवसर पर महात्मा फूले बिग्रेड की ओर से प्रदेशभर में चलायें जा रहे पोस्टकार्ड अभियान के अंतर्गत जोधपुर में भी महात्मा फूले दम्पति को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को पोस्टकार्ड लिखें गये।

इस अवसर पर महात्मा फूले बिग्रेड के विरेन्द्र गहलोत, देवेन्द्र गहलोत के साथ ही ऑल इण्डिया माली सैनी के युवा प्रदेशाध्यक्ष विमलेश गहलोत, प्रदेश महामंत्री धमेन्द्र सांखला, पंकज सांखला, माली महासभा के युवाअध्यक्ष निर्मल सोलंकी, के अलावा पार्षद अरविंद गहलोत, पूर्व पार्षद मयंक देवड़ा, माली संस्थान के मंत्री योगेश गहलोत, समाजसेवी राजेश





गहलोत, अशोक भाटी, प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा श्रीमती मीना सांखला, दिव्या गहलोत, गीता सोलंकी, नृसिंह गहलोत, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह सोलंकी, न्यूज रिपोर्टर भवानी सिंह सहित अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने माता सावित्री बाई फूले को पुष्पाजंलि अर्पित की।

**अजमेर।** माता सावित्री बाई फूले की 121वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सावित्री बाई फूले राष्ट्रीय जागृति मंच की ओर से मनुहार समारोह स्थल पर सर्व समाज द्वारा पुष्पांजलि दी गई। उसके बाद बाल प्रकाश विद्यालय बड़गांव में बच्चों को फल वितरित किए गए। अध्यक्ष सुनीता चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन, पूनमचंद मारोठिया, हनुमान प्रसाद कच्छावा, सुकेश काकरिया, मामराज सैन, अंकुर त्यागी, सेवाराम चौहान आदि उपस्थित थे। ममता चौहान ने सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। राजस्थान माली सैनी जागृति संस्थान की ओर से सावित्रीबाई फूले की 121वीं पुण्यतिथि बनाई गई। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने पुष्पाजंलि दी। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष रवि राज माली, जिला उपाध्यक्ष रवि दगदी, राज महावर, वरिष्ठ सचिव जिला सचिव विशाल सांखला, दक्षिण अध्यक्ष अशोक कुमार सैनी, विक्रम गहलोत, कमल कुमार, रामवतार सैनी आदि उपस्थित थे।

इसके अलावा अजमेर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधरिका, सामाजिक क्रांति की अग्रदुत, विधवा पुनर्विवाह व दलित उत्थान के लिये समर्पित, छुआछुत, सती प्रथा, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बिगुल बजाने वाली ''माता सावित्री बाई फूले'' की 121वीं पुण्य तिथि, सुन्दर विलास स्थित मालियान धर्मशाला में मनाई गई। कार्यक्रम में आये सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की व माल्यार्पण किया तथा माता सावित्री बाई फूले अमर रहे......अमर रहे.....अमर रहे.....के नारे लगाये, जब तक सूरज चांद रहेगा ''माता सावित्री बाई फूले'' तेरा नाम रहेगा,.... जैसे नारे लगाये। यह कार्यक्रम हनुमान कच्छावा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, सभी वक्ताओं ने फूले दम्पत्ति द्वारा बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके द्वारा बताये शिक्षाओं को आत्मसात करने का प्रण लिया। सभी वक्ताओं ने इन्हें सरकार से 'भारत रत्न' दिलाने की मांग की तथा इनकी जयंति 3 जनवरी को 'महिला शिक्षा दिवस' मनाने की मांग की। सभी वक्ताओं ने माता सावित्री बाई फूले के जीवन पर प्रकाश डाला, उनके संघर्षो को याद किया व उपदेशों से शिक्षा प्राप्त करने का सकल्प लिया। सरकार भी आज ''बेटी बचाओ – बेटी पढाओ'' का नारा दे रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दे रही है। माता सावित्री बाई फूले ने उस जमाने में यह कार्य कर चुकी है। इस कार्यक्रम में महिलाओं में मां सावित्री बाई फूले संस्थान की अध्यक्ष शारदा मालाकार, पार्षद संतोष मौर्य, विमला भाटी, डिम्पल मौर्य, संतोष गहलोत, सुषमा चौहान, नेहा सांखला आदि उपस्थित थी। पुरूषों में पूनम चंद मारोठिया, अजय तुनवाल, प्रदीप कच्छावा, अरविन्द जी बागडी, रविदत्त दगदी, मेवालाल जादम, किशेन भाटी, प्रमोद भाटी, मोती सिंह सैनी, हनीश मारोठिया, गोपीकिशन जादम आदि उपस्थित थे।

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के तत्वावधान में आलनपुर लिंक रोड स्थित कार्यालय पर सावित्री बाई फूले की 121वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल सैनी ने सावित्री बाई फूले के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सावित्री बाई फूले ने दलितों के उद्धार के लिए अनेक पाठशालाएं खोलकर महिला शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने दलितों, पिछड़ों के लिए अनेक कार्य अपने पति ज्योतिबा फूले के सानिध्य में रहकर किए। इस अवसर पर कमलेश सैनी, सीताराम सैनी, सत्यनारायण सैनी, पप्पू लाल माली, रमेशचंद सैनी, मुकेश सैनी, हरिप्रसाद सैनी, बाबूलाल सैनी आदि ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

इसी प्रकार स्वच्छता एवं योग संगठन की ओर से भी सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि संगठन के कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर सावित्री बाई के चित्र पर संगठन के सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगठन के कोषाध्यक्ष राजेश सैनी ने बताया कि सावित्री बाई फूले ने बालिका शिक्षा को बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई महिला विद्यालय खोले। इस मौके पर अध्यक्ष रविशंकर सैनी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित करते हुए अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

**सिरोही।** माली समाज की ओर से शहर के माली समाज छात्रावास में शनिवार को सावित्रीबाई फूले की 121 वीं पुण्य तिथि मनाई गई। प्रथम महिला शिक्षिका को नमन करते हुए माली समाज अध्यक्ष प्रतापराम राठौड़ ने कहा कि सावित्रीबाई ने पूरे देश मे संदेश दिया कि महिला शिक्षा अतिआवश्यक है। अमृतलाल माली ने कहा कि जो काम सावित्रीबाई ने किया था उस को समाज आगे बढ़ाए व बालिका शिक्षा पर जोर दिया। युवा महासभा जिलाध्यक्ष जगदीश माली ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष नैनाराम माली, कोषाध्यक्ष प्रभुराम, छगन माली, मगन माली, रमेश माली, राजू माली, यतीन्द्र माली, दिनेश माली, जसवंत माली, भंवर माली, भरत माली, गोविंद माली आदि समाजबंधु उपस्थित थे।

**शिवगंज।** महात्मा फूले ब्रिगड़ ने पोस्ट कार्ड अभियान का किया शुभारंभ शिवगंज शहर के गोकुलवाडी मोहल्ला स्थित माली समाज धर्मशाला में शनिवार सुबह महात्मा ज्योतिबा फूले ब्रिगेड की ओर से देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले की 121 वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके फूले दंपति को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर पोस्ट कार्ड अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ब्रिगड़ प्रदेश संगठन मंत्री भरत कुमार चौहान ने बताया कि संगठन की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले एवं उनकी पत्नी सावित्री बाई को भारत रत्न दिलाने के लिए पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया, जिसमें सभी समाज के लोगों का सहयोग जरुरी है। इसके पहले कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने सावित्री बाई फूले की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा से याद किया। इस मौके


नवलगढ़

माली समाज अध्यक्ष नेनाराम गहलोत, पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, महेंद्र कुमार गहलोत, छगन गहलोत, पार्षद लक्ष्मण परिहार, प्रकाश कुमार, जसराम, ब्रेगड तहसीलध्यक्ष जितेंद्र परिहार, सुमेरपुर तहसीलध्यक्ष नरेश सांखला, दीपक भाटी, महेंद्र चौहान, अरुण, महेंद्र, मदनलाल, कल्पेश, मनोज चौहान, हितेश परिहार, कुंदनमल समेत कार्यकर्ता मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा सावित्रीबाई ने किया था उस को समाज आगे बढ़ाए व बालिका शिक्षा को महत्व दें।

**बारां।** महात्मा ज्योतिबाराव फूले सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने शनिवार सुबह देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की 121वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। उन्होंने ज्योतिबाराव फूले की प्रतिमा तथा सावित्रीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर गोवंश को चारा डाला। इसके बाद विचार गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता सूर्यकांत शुक्ला भाजपा जिला महामंत्री, नरेंद्र यादव, भंवरसिंह राठौर, कृषि उपज मंडी हम्माल संघ के अध्यक्ष भोजराज सुमन ने की। मोतीलाल मीणा ने सावित्रीबाई फूले के जीवन के बारे में बताया। गोष्ठी को संध्या मेघवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान अध्यक्ष राकेश सुमन, राधेश्याम बैरवा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष, हेमंत शर्मा नगर महामंत्री भाजपा, मदन रैगर, बृजराज मेरोठा, शंकरलाल, ओमप्रकाश खींची, राकेश प्रजापति, देशराज गोस्वामी, महावीर सुमन आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर माली सैनी समाज की ओर से सावित्रीबाई फूले की पुण्यतिथि पर माथना रोड स्थित निजी रिसोर्ट में संगोष्ठी कर श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी में फूले ब्रिगेड के प्रदेश संगठन महामंत्री भरतलाल सैनी, समाजसेवक कालूलाल सुमन, युवा महासभा जिला संयोजक मुकेश केरवालिया ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। युवा जागृति मंच के ग्रामीण अध्यक्ष गजेंद्र व बडगांव से आए मुकुट सुमन ने बताया कि समाज के लोगों की ओर से राष्ट्रपति से फूले दंपती को पोस्टकार्ड के माध्यम से भारतरत्न से सम्मानित करने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुकेश सुमन, युवा जागृति मंच जिलाध्यक्ष जेपी सुमन, फूले ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष कौशल किशोर सुमन, माली सैनी महासभा के जिला संयोजक चौथमल सैनी, रामदयाल सुमन, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेश महामंत्री महावीर सुमन, जिलाध्यक्ष कैलाश सुमन ने भी संबोधित किया। संचालन जागृति मंच के प्रवक्ता नरेश सुमन व हरिओम सुमन ने किया। संगोष्ठी में रामबिलास सुमन, कमलेश महाराज, धर्मरक्षक के जिलाध्यक्ष प्रमोद सुमन, सरपंच बंटी सुमन, मुकेश सुमन, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुमन, शंकर मांगरोल, महेंद्र सुमन, देवेंद्र सुमन, पवन बोध, मोहन, सोनू आदि मौजूद थे।

## फूले की पुण्यतिथि पर 221 यूनिट रक्तदान किया

नवलगढ़ । सैनी समाज निस्वार्थ सेवा समिति की ओर से भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को रघुवीर जी महाराज विकास समिति के भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं के साथ–साथ महिलाओं ने भी शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लिया, शिविर में 221 लोगों ने रक्तदान किया। समिति के अध्यक्ष गजानंद सैनी ने आगंतुकों का स्वागत किया। लोगों ने सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहनलाल चूड़ीवाल, भाजपा नेता रवि सैनी, युवा नेता गजानंद सैनी, बल्लभाराम तंवर, भोजाराम सैनी, डॉ. पूर्णमल सैनी, मक्खनलाल सैनी, सत्यनारायण सैनी, फूलचंद सैनी, सुनील ढाणियां, अशोक सैनी, प्रहलाद सैनी, कन्हैयालाल सैनी, राधेश्याम सैनी, शिवप्रसाद सैनी, राजकुमार सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, विनोद सैनी, श्यामसुंदर सैनी, सरपंच घासीराम सैनी मौजूद थे। इस मौके पर रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। समिति का सदस्य बनने पर संजय कुमार, रामावतार तंवर, इंद्रादेवी, लीलाधर सैनी, सुरेश सैनी, राजेंद्र सैनी, मेघराज सैनी का भी सम्मान किया गया।

**झुंझुनूं।** नगर परिषद के सामने गुरुकृपा कॉम्पलेक्स में स्थित ज्ञान मंदिर क्लासेज में शनिवार को सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। संस्था निदेशक संतोष सिंगोदिया ने विद्यार्थियों को सावित्री बाई फूले के जीवन से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर आचार्य सतीश, व्याख्याता संदीप दड़िया, बबलेश गिल, मुकेश भाटी, रमेश सैनी व मनोज सैनी मौजूद थे। इधर, प्रेरक पब्लिक स्कूल में पुष्प अर्पित कर फूले को याद किया। मुख्य अतिथि शिक्षिका कुसुम सैनी थी। अध्यक्षता महात्मा फूले राष्ट्रीय संस्थान के संजय सिंगोदिया ने की। पुरुषोत्तम शर्मा ने बालिकाओं से सावित्री बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर वर्तमान की कुरीतियों से लड़ने का आह्वान किया। विशिष्ठ अतिथि शिक्षिका पूनम कांटीवाल, निरमा कुमारी, मंजू, विनोद कुमारी थी। छात्राओं ने फूले के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। संचालन अध्यापक सीताराम ने किया। संस्थान निदेशक डॉ. निर्मल कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इधर, फौज का मोहल्ला स्थित प्रगति कॉमर्स क्लासेज में डॉ. प्रदीप सैनी की अध्यक्षता में पुण्य तिथि मनाई गई।

**चिड़ावा।** सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस कार्यालय और मोहनका की ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में पुष्पांजलि के कार्यक्रम हुए। कांग्रेस कार्यालय में पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश बसवाला–पार्षद शिवलाल सैनी की अगुवाई में सावित्री बाई को पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद कैप्टन शंकरलाल महरानिया, सुमित्रा सैनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, निखिल चौधरी, रामनिवास सैनी, हकीम चौहान, सलीम धोबी आदि मौजूद रहे। वहीं मोहनका की ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में महेश कटारिया, राधेश्याम सुखाड़िया, बाबूलाल माखरिया, मेहर कटारिया ने फूले के चित्र पर पुष्प अर्पण किया। लोगों ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ाने का संकल्प भी लिया।



आपातकाल में जेल में रहे, संगठन की मजबूत पकड़ व जमीनी कार्यकर्ता को मिला मौका

# माली समाज के श्री मदनलाल सैनी बने राज्यसभा सांसद



सीकर। भाजपा की राज्यसभा उम्मीदवार की सूची घोषित होते ही सीकर शहर में खुशियां छा गई। भाजपा संगठन व आरएएस में लंबे समय सक्रिय सीकर के पुरोहितजी की ढाणी निवासी पूर्व विधायक श्री मदनलाल सैनी को भाजपा में ने राज्यसभा में उम्मीदवार बनाया। रविवार शाम को सैनी के नाम की घोषणा होते ही उनके घर पर बधाई देने वाली का तांता लग गया। भाजपा के कई पदाधिकारी सैनी के पर बधाई देने पहुंचे। हालांकि सैनी शाम को जयपुर भाजपा मुख्यालय में मोबाईल पर सूचना मिलते ही सैनी समाज के स्नेह मिलन कार्यक्रम को बीच में छोड़कर जयपुर रवाना हो गए। श्री मदनलाल सैनी का निर्विरोध निवार्चन होने पर समा की अनेकों संस्थाओं एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

**जमकर आतिशबाजी**

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैनी के घर पहुंच पर जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान परिवार में भी खुशी का माहौल था। सैनी को पत्नी पताशी देवी ने परिवार के सभी सदस्यों को मिठाई खिलाई। आतिशबाजी के दौरान खुशी इस कदर थी कि आतिशबाजी के दौरान मदनलाल सैनी की 95 वर्षीय मां ने भी खुशी जताई। मदनलाल सैनी के भाई महावीर सैनी ने बताया कि परिवार के सभी लोग संगठन से लंबे समय से जुड़े है। पहली बार जमीनी कार्यकर्ता को मौका दिया गया है।

माली समाज में हर्ष की लहर –

श्री मदनलाल सैनी के राज्यसभा सांसद बनने पर समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं संगठनों ने श्री सैनी को हार्दिक बधाई देने की होड़ मच गई। सभी ने मदनलाल सैनी के निवास व जयपुर में पहुंच कर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। समाज के प्रथम राज्य सभा सांसद बनानें के लिए समाज की विभिन्न संस्थाओं ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। श्री मदनलाल सैनी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए पूर्व की भांति सर्वसमाज के सर्वागिण उत्थान एवं संपूर्ण राजस्थान के विकास हेतु कार्य करने की बात कही।

**उदयपुरवाटी से रहे है सैनी विधायक–**

मदनलाल सैनी 1952 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक से जुड़े बाद में लगातार संघ के विभिनन संगठनों में सक्रिय रहे। वे एबीवीपी के प्रदेश मंत्री भी रहे है। 1975 तक वकालत के पेशे से जुड़ने के बाद आपातकाल में जेल में भी रहे। संघ की ओर से सैनी ने भारतीय मजदूर संघ में प्रदेश महामंत्री व अखिल भारतीय कृषि मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व निभाया। 1990 में झुंझुनू के उदयपुरवाटी विधानसभा से विधायक रहे तथा 1991 व 1996 में लोकसभा में भाजपा के झुंझुनूं के उदयपुरवाटी प्रत्याशी रहे। भाजपा में प्रदेश महामंत्री व अनुशासन समिति के सदस्य भी रहे है। वर्तमान में पीडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के प्रदेश प्रभारी है।

**सादगी का रहा हर कोई कायल**

सैनी संगठन के जमीन से जुड़े कार्यकर्ता रहे है। सादगी पर हर कोई चर्चा करता रहे है। सैनी जयपुर से सीकर आते समय अधिकतर राजस्थान रोडवेज में सफर करते है। कई बार कार्यकर्ताओं के आग्रह पर भी अपने निजी वाहन की बजाय सैनी बस में भी सफर पसंद करते रहे है।

माली सैनी संदेश परिवार की ओर से श्री मदनलाल सैनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।





# राज्यसभा सांसद श्री मदनलाल सैनी का जीवन परिचय

**जन्म** : 13, जुलाई, 1943, सीकर

**शिक्षा** : बी.ए., एलएल.बी.

**सामाजिक क्षेत्र** : मिडिल कक्षा के समय से समाज जीवन के कार्य प्रारंभ

**संघ जीवन** : 1952 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवक, तृतीय वर्ष शिक्षित (1964)

**छात्र जीवन** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री, कॉलेज में छात्र संघ के सभापति, सीकर।

**1975 आपातकाल** : 1970 से 1975 तक सीकर जिला मुख्यालय में वकालत की, संगठन के निर्णय से 1975 से लगे आपातकाल में वकालात छोड़कर भूमिगत रहते हुए, प्रदेश में मजदूर क्षेत्र में आंदोलन को गति दी एवं डीआईआर के अन्तर्गत मुकद्दमा लड़ा एवं सीकर जेल में रहे।

**मजदूर संगठन** : संगठन की योजना से 1967 से 1970तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में मजदूर क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया।

**वर्ष 1972–84** : तक भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री

**वर्ष 1984 से 1990** : अखिल भारतीय कृषि मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री।

**वर्ष 1978 से 1990** : अखिल भारतीय मजदूर संघ के पूर्ण कालिक सदस्य रहे। आज भी कई श्रम संघों से सजीव सम्पर्क व अध्यक्षता है

**1984 विदेश में** : अमेरिका द्वारा निमंत्रण पर एक माह का प्रवास।

**विधायक** : 1990 में झुंझुनु जिले के उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक। 1991 व 1998 में झुंझुनु लोकसभा चुनाव लड़ते हुए बहुत अक्ष्छा प्रदर्शन किया।

**संगठन में** : भारतीय जनता पार्टी में 1990 से 1997 तक प्रदेश मंत्री, तीन बार भाजपा प्रदेश महामंत्री।

अनुशासन समिति में सदस्य, सदस्य सचिव, प्रदेशाध्यक्ष रहे।

किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री।

सरदार पटेल स्मारक राजस्थान लौह संग्रहण समिति के प्रदेश प्रभारी।

पंचायत चुनाव में दो बार प्रदेश स्तर की डिलिमिटेशन की जिम्मेदारी निभाई।

समय समय पर संगठन के चुनावों में पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी निभाई। स्थानिय निकायों, विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में प्रदेश में संगठन द्वारा निर्धारित स्थानों पर प्रवास।

पंदिनदयाल उपाध्यक्ष प्रशिक्षण महा अभियान के प्रदेश प्रभारी है।

पंचायत चुनाव में दो बार प्रदेश स्तर की डिलिमिटेशन की जिम्मेदारी निभाई।

समय समय पर स्थानीय निकाय्रे, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रदेश में संगठन द्वारा दी गई जिम्मदारियों का निर्वहन किया।

# भारतीय नवसंवत्सर पर यज्ञ द्वारा जीव मात्र के मंगल की कामना



जोधपुर। मगरा पूँजला स्थित आर्य समाज मंदिर,महर्षि पाणिनिनगर व नृसिंह जी कि प्याऊ मार्केट एसोसियेशन के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित भारतीय नववर्ष व आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया गया। प्रधान कैलाश चन्द्र आर्य ने बताया कि नववर्ष पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्म शिवराम शास्त्री व गजेसिंह द्वारा नवसंवत्सर पर जीव मात्र ,समाज,परिवार, राष्ट्र में सुखदायक,मंगलकारी व समृद्धिदायक कि भावना से यज्ञ में आहुतियां प्रदान कि गई। चौराहा पर आने जाने वाले राहगीरों को शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों ने कुमकुम तिलक,मुँह मीठा व नववर्ष की हार्दिक शुभकामऐं दी गई। सभी अतिथिओं का स्वागत अध्यक्ष जगीदश देवड़ा व भंवराराम कुमावत द्वारा ओम का दुपटा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष बी.जे.पी. राजेन्द्र सिंह गहलोत,माली संस्थान अध्यक्ष पुखराज सांखला, राकेश परिहार,दयानन्द स्मृति न्यास मंत्री आर्य किशनलाल गहलोत, निर्मल सोंलकी, हरिसिंह, अखेसिंह, नरेन्द्र सिंह, दौलतसिंह, जंयत सांखला, युधिष्ठर, मनीष गहलोत, जयसिंह, गौरव सोनी, डॉ.महेश परिहार, दाऊलाल परिहार, मदनलाल तंवर, श्रीमति चन्द्रकांता भाटी, संतोष आर्य, ललीता सांखला, मंधु सांखला, भावना देवड़ा, सरोज भाटी, अशोक, विक्रमसिंह, लक्ष्मणसिंह, शेरसिंह, कुशजीत कच्छवाहा, ओ.पी.भाटी, मनोहरसिंह, अशोक, भगवान, श्रवण, डी.पी.शर्मा एवं जोधपुर के आर्य समाजों के सदस्य एवं गणमान्य उपस्थित थे। अन्त में मंत्री आर्य किशनलाल द्वारा धन्यावाद दिया।

**नववर्ष की पूर्वसंध्या पर ज्ञानगंगा बही**

चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत् २०७४ को नववर्षारम्भ की पूर्व पर संध्या महर्षि दयानन्द सरस्वती स्मृति भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। रातानाडा में महर्षि दयानन्द मार्ग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुराना परिसर के पास स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती स्मृति भवन की पवित्र यज्ञशाला में कविराज आचार्य वरुणदेवजी के ब्रह्मत्व में आयोजित यज्ञ के बाद उपस्थित आर्यजनों को संबोधित करते हुए चित्तौड़गढ़ से पधारे पंडित हरीश जी ने धर्म के तीन स्कन्धों में से एक यज्ञ के प्रथम मंत्र की व्याख्या की । व्याख्या के बीच में उन्होंने अन्न और अन्नदाता किसान की महिमा का वर्णन किया।

उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कविराज आचार्य वरुणदेवजी ने पाखण्ड से सावधान करते हुए कहा कि जनसामान्य द्वारा तर्क, युक्ति और प्रमाण को हमेशा सामने रखा जाय, तो पाखण्ड चल ही नहीं सकता। आचार्य जी ने व्याकरण के आधार पर पितृ और पूजन शब्द की व्याख्या करता हुए बताया कि रक्षा करने वाले को पितर कहा जाता है और अपने पूज्यजनों की आज्ञा, इच्छादि का श्रवण करके उनकी पूर्ति करना उनका पूजन होता है, जो जीवित पितरों के मामले में ही संभव हो सकता है। आत्मा तो बिना शरीर के कुछ भी करने में समर्थ नहीं है। इसके अतिरिक्त कोई भी मनुष्य अपने स्वजनों का अहित नहीं करता। अतः मरने के बाद असमर्थ आत्मा के द्वारा काल्पनिक विनाश का भय दिखाकर लोगों का द्रव्य छीनना सज्जनों का कार्य नहीं है। आचार्य जी ने कहा कि मद्य–मांस का सेवन, गौहत्या आदि विशेष दिनों में ही नहीं बल्कि सर्वदा त्याज्य है। अतः सद्कर्मों को दिन विशेष से न जोड़कर सदा के लिए आवश्यक बताना चाहिए। शान्तिपाठ और जयकारों से सम्पन्न कार्यक्रम के बाद ऋषि लंगर का आयोजन किया गया।

**इससे पूर्व भारतीय नूतनवर्ष बैनर का विमोचन**

मगरा पूँजला स्थित आर्य समाज मंदिर,महर्षि पाणिनिनगर व नृसिंह जी कि प्याऊ मार्केट एसोसियेशन के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित भारतीय नववर्ष व आर्य समाज स्थापना दिवस बैनर का विमोचन श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी प्रतिपक्ष नेता नगर निगम जोधपुर के कर कमलो द्वारा किया गया।



नागौर में प्रथम सामूहिक विवाह में 77 जोड़ें हुए तय, उपहारों की भरमार

# सामूहिक विवाह में हो कम खर्च, कम दिखावा– राजेन्द्र गहलोत



नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली सैनी समाज नागौर के तत्वावधान में प्रथम बार आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग लेना चाहिए तथा समाज में सर्वस्पर्शी व समरसता का भाव जागृत हो, इसके लिए प्रयास करने चाहिए।

यह बात संत शिरोमणि श्री लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने रविवार को डीडवाना रोड स्थित माली संस्थान भवन में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि हिन्दू संस्कृति में विवाह को बंधन नहीं एक पवित्र संस्कार व धर्म माना जाता है। इसी भाव से व्यवस्थाएं आत्मसात होनी चाहिए।

सामूहिक विवाह का एक उद्देश्य कम खर्च व कम दिखावा भी है, अतः उसके अनुरूप व्यवस्थाएं हो। इससे पूर्व संस्थान अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार व मंत्री रामकुमार सोलंकी ने अब तक की तैयारियों का प्रतिवेदन रखा तथा सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में नगर परिषद के सभापति ने व्यक्तिगत रूप से तथा नगर परिषद् की ओर से भी व्यवस्था में सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में अमरपुरा संस्थान क मंत्री राधाकिशन तंवर, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, कर्मचारी विकास संस्थान के अध्यक्ष कृपाराम गहलोत, पंचायत समिति सदस्य फूलचन्द टांक, इन्द्रजीत टाक, राजेन्द्र पंवार, बजरंग सांखला, बालकिशन भाटी, पीपाड़ शहर के कमलेश कच्छवाहा, प्रकाश टाक सहित अनेक समाज बन्धु उपस्थित थे।

माली संस्थान के उपाध्यक्ष रामजस भाटी ने बताया कि विवाह समारोह के पंजीकरण की रविवार को अंतिम तिथि तक 77 जोड़ों का पंजीकरण किया गय तथा आवश्यक व उपलब्ध सभी प्रपत्रों की जांच का कार्य समाज के कर्मचारी बन्धुओं का सहयोग लेकर किया जाएगा। राजेन्द्र गहलोत व नगर परिषद के सभापति ने इस आयोजन को लेकर संत रामप्रसाद महाराज को भी जानकारी दी। समाज के कार्यकर्ता बालकिशन भाटी ने बताया कि बैठक में नागौर अरबने को–ऑपरेटिव बैंक के चेयरमेन जीवणमल भाटी, बिरदीचन्द सांखला, पुखराज भाटी, पुखराज सांखला, कानाराम टाक, समाज के पूर्व अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा शहर अध्यक्ष प्रेमसुख सांखला आदि उपस्थित रहे।

**अभी तक विभिन्न समाजबंधुओं एवं उनके परिवार द्वारा दी जाने वाले उपहारों की लिस्ट**

भोजन प्रसादी, सोने के मंगलसूत्र, 100 ग्राम चांदी (बिच्छिया, अंगूठी), चांदी सिक्का, कांसी एवं स्टील बर्तन सेट, माता पिता नेग, पलंग, पेंट–कोट, बरी इन सभी के लाभार्थी ताऊसर निवासी श्री रामस्वरूप एवं श्री रमेश कच्छवाहा परिवार है। पेजजल की संपूर्ण व्यवस्था श्री पश्रालाल एवं श्री रमेश भाटी, बाईसर ताऊसर, तिजोरी/अलमारी श्री रामबल्लभ भाटी बाईसर ताऊसर। ड्रेसिंग टेबल हयूमिनिटी फ्रेंड्स ग्रुप, हैदराबाद। छत पंखा श्री विकास, महेन्द्र पुत्र श्री कृपाराम गहलोत, चैनार। सिलाई मशीन श्री पापालाल पुत्र श्री भंवरलाल कच्छवाहा, गेलसर एवं श्री पन्नालाल पुत्र श्री रामधन सांखला, मुण्डवा। मिक्सी श्री अमरसिंह पंवार, संगम, हेमलसर, ताऊसर। पानी कैम्पर श्री मगाराम, श्री रामकुमार सोलंकी, जेठका बास, चेनार। ईस्त्री श्री टिकमचंद पुत्र श्री रूपचंद कच्छवाहा, ताऊसर। कुर्सी–टेबल सेट साफूनगर ग्रुप। प्रेशर कुकर श्री रामबक्ष सांखला जमासर की ढ़ांणियां, ताऊसर। बड़ा बाजोट श्री भाकरराम, श्री जेठाराम देवड़ा, भोपालगढ़। कंबल श्री शैतानराम पुत्र श्री भंवरलाल टाक, जगावता बास, चेनार। हाथ घड़ी श्री रामकिशोर पुत्र श्री धर्माराम कच्छवाहा एवं श्री रामकिशोर। लोहे का बक्सा श्री रामदयाल। सोने की नथ श्री रामविलास पुत्र श्री रामबक्श सांखला। ट्रोली बेग श्री जगदीश, रामनारायण, बस्तीराम पुत्र श्री भंवरलाल सांखला। दीवार घड़ी पण्डित श्री मोहनलाल सोलंकी, अमरपुरा। गर्म टिफिन श्री अर्जुनराम कच्छवाहा, गड़ियास, चेनार। श्री मंगलाराम पुत्र श्री घेवरराम सोलंकी, निम्बोल जैतारण एवं श्री रामनिवास पुत्र श्री नेनूराम भाटी, सेखसर ताऊसर दोनों द्वारा 21,000/– की सहयोग राशि की अब तक घोषणा की गई है।

जीवन परिचय

**सेठ श्री भीकमदास परिहार शिक्षा सेवा सदन ट्रस्ट के अध्यक्ष , बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी , समाज रत्न**

# स्वर्गीय श्री जगदीश सिंह परिहार



**पारिवारिक** : आप सेठ श्री भीकमदास जी परिहार के सबसे छोटे पुत्र थे। आपका जन्म कृष्ण जन्माष्टमी दिनांक 21.08. 1935 को जोधपुर स्थित विजय चौक ननिहाल में स्व. श्री गंगाराम जी के निवास पर माताजी स्व. श्रीमती छीनिया देवी के कोख से हुआ। आपके चार भाई स्व. श्री राधाकिशन जी, स्व. श्री बस्तीराम जी, स्व. श्री घनश्यामदास जी, श्री विजेन्द्रसिंह जी है तथा तीन बहने स्व. श्रीमती सुंदरदेवी–टीकमसिंह जी टाक, स्व. श्रीमती छोटीदेवी–भंवरलाल जी देवडा एवं स्व. श्रीमती जशोदादेवी–भरतसिंह जी कच्छवाह थे।

आपकी शादी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ससुर ठेकेदार स्व. श्री भजनसिंह जी भाटी की पुत्री श्रीमती शान्तिदेवी के संग 1955 में हुई। आपके साले स्व. श्री सुखसिंह जी भाटी जोधपुर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष रहे। आपके दो सुपुत्र चन्द्रशेखर एवं सुनील परिहार (पूर्व अध्यक्ष राजसिको एवं पूर्व अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर)एवं पुत्री प्रेरणा है। दामाद श्री नरपतसिंह जी सोलंकी इंजीनियर है। पौत्र धीरज, दिव्येश, हरित परिहार एवं पौत्री यामिनी व पौत्री दामाद श्री ज्योतिप्रकाश जी सांखला एवं दोहिती मेखला दोहिती दामाद सुनील जी पंवार है। पडपौत्री जैविका एवं पडपौत्र नक्ष एवं ग्रंथ सहित पूरा भरा पूरा परिवार है।

**शिक्षा** : जोधपुर में ही स्नातक कॉमर्स तक की शिक्षा महाराज कुमार कॉलेज से की थी, शिक्षा के प्रारंभिक समय से वाचनालय की स्थापना एवं व्यायामशाला में सक्रिय योगदान रहा व अल्पायु (10 वीं कक्षा) में माताजी के निधन से आकस्मिक क्षति हुई। उसके पश्चात् सभी के सहयोग से संघर्ष करते हुए न केवल व्यापारिक क्षेत्र अपितु सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाया।

**व्यापारिक क्षेत्र** : प्रारंभ में पारिवारिक फर्म में रामबगस भीकमदास परिहार में अनाज, गुड, शक्कर इत्यादि के थोक व्यापार में लगे परंतु बचपन से ही उद्योग लगाने की लालसा रही। ऊन मिल व ग्वार गम उद्योगों हेतु देशी–विदेशी संस्थाओं से सम्पर्क किया परंतु सामाजिक व राजनैतिक कार्यों में लगने से किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु नगरपालिका का सीवेज फॉर्म लीज पर लिया फिर उद्यान विभाग से कुडी में कृषि फॉर्म लिया व खेती का काम किया। बाद में माणकलाव व रामपुरा, मथानिया में कृषि फार्म खरीदकर खेती का कार्य किया। आपमें उद्यमशीलता होने के कारण अपने दोनों पुत्रों–चन्द्रशेखर एवं सुनील को प्रेरित कर खनिज प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करवायी। जोधपुर व बाडमेर में 4 इकाईयां स्थापित करवायी व खाद्य प्रसंस्करण की बोरानाडा फुड पार्क व स्पाईस पार्क में उद्योग लगाकर जगशान्ति ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज की स्थापना की जो कि सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

**राजनैतिक जीवन** : छात्र जीवन में राजनैतिक क्षेत्र से जुडे रहे व गांधीजी से प्रभावित होकर सामंत एवं सांप्रदायिक ताकतों के विरूद्ध संघर्ष व आंदोलनों में हिस्सा लिया। 1952 में विधानसभा चुनाव से ही सक्रिय कार्य प्रारंभ किया व 1956 में नगरपालिका का चुनाव लडा। 1960 में कपडा बाजार ब्लॉक कांग्रेस के सचिव बने। कांग्रेस पार्टी में लगातार कार्य करने पर 1975 में भारतीय राष्ट्रीय छात्रसंघ (एनएसयूआई) की राजस्थान में स्थापना हेतु प्रयास किया व मनोनयन कमेटी के मार्गदर्शक रहते हुए राज्य एनएसयूआई संगठन के प्रथम अध्यक्ष पद पर श्री अशोक गहलोत की नियुक्ति में आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। 1980 में चौधरी चरणसिंह एवं नाथूराम मिर्धा की पार्टी–दलित, मजदूर, किसान पार्टी में शामिल होते हुए ऑसिया विधानसभा से चुनाव लडा और इस पार्टी का विलय होते हुए जनता दल की स्थापना हुई व प्रदेश उपाध्यक्ष बनकर 2 वर्षों तक कार्य करते हुए 1987 में राजनीति से सन्यास लिया और तत्पश्चात् सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य किया।

**सामाजिक क्षेत्र** : सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए माली समाज को संगठित करते हुए युवा अवस्था में प्रदेश के जयपुर, अलवर, झुंझुनू, सीकर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, अजमेर, कोटा, बूंदी, बारां, जालोर, सिरोही, पाली, नागौर, बीकानेर इत्यादि जिलों में युवाओं के संगठन बनाये व पुष्कर में राजस्थान प्रदेश माली महासभा के गठन में श्री रघुनाथ परिहार, श्री फूलचंद सोलंकी सहित वरिष्ठजनों का सहयोग लिया एवं राज्यभर में सम्मेलनों के माध्यम से शिक्षा के जागरण व ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए विभिन्न जिलों में छात्रावासों की स्थापना करवायी। सन् 1970 के दशक में जोधपुर शहर के बाहरी क्षेत्र– मण्डोर, मगरा पूंजला, सूरसागर में स्कूलों को क्रमोन्नत करवाने व विज्ञान विषय खुलवाने व नई सरकारी स्कूलों को खुलवाने में महत्ती भूमिका निभायी। वर्ष 1970 से 1975 तक वैदिक कन्या पाठशाला के संचालन समिति के अध्यक्ष, उम्मेद कन्या पाठशाला के सलाहकार व सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय की संचालन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य किया। रातानाडा स्थित छात्रावास को वर्ष 1972 में स्थापित करने के लिए परिवार को प्रेरित किया एवं स्थापना से ही इसके संचालन में प्रमुख भूमिका निभायी व वर्ष 1992 से इसे ट्रस्ट बना दिया। सेठ भीकमदास परिहार शिक्षा सेवा सदन की स्थापना कर सन् 1972 से संस्थापक व आजीवन अध्यक्ष रहे।

**अन्य क्षेत्र** : सामाजिक क्षेत्र में माली समाज की प्रथम जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सन् 1970 के दशक में आयोजित आपने करवायी एवं कई वर्षों से एकाकी प्रयास कर आयोजन करवाये। युवाओं से लगाव के कारण जोधपुर में राष्ट्र स्तर की अखिल भारतीय रघुनाथदास परिहार गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक रहते हुए 3 बार करवाया। प्रदेश स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता भी करवायी। बचपन से ही आर्य समाज से जुडे रहकर इनसे संचालित कई कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभायी। आपने दलित वर्ग को प्रोत्साहित करने हेतु हरिजन पुत्र को दत्तक पुत्र बनाया व पुत्रों व पुत्री को दलित बाहुल्य रातानाडा व पाबुपुरा स्कूल में पढाकर सामाजिक समरसता के भाव अपने परिवार व समाज में प्रेरित करवाये।

**हम सभी परमपिता परमेश्वर से आपकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते है।**

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, समाज के एक प्रमुख दानदाता, रावत ग्रुप के चैयरमेन

# स्वर्गीय श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा



श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा का जन्म वर्ष 1941 को शरद पुर्णिमा के दिन सेठ श्री मांगीलाल देवड़ा के यहां हुआ। आपके दादा जी स्व. श्री रावतमल देवड़ा मावे व प्याज की कचौरी के अविष्कारक थे। शुद्वता एवं ईमानदारी से मिठाई के पैतृक व्यवसाय में राजस्थान ही नहीं पूरे भारत में आप का नाम है तथा आज भी रावत की मिठाई शुद्वता एवं क्वालिटी के लिए अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।

श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा की प्रारंभिक शिक्षा उम्मेद हाई स्कूल से हुई शुरू से ही सेवा भाव की प्रवृति के कारण वे अल्प आयु में प्रेसीडेंट स्काऊट बनें। उस समय भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित श्री जवाहरलाल नेहरू ने इनके कार्य से प्रभावित हो इनके बैचों के बारे में जानकारी ली थी।

वर्ष भर कॉलेज के बाद इन्होंने कई छोटे–मोटे व्यवसाय प्रारंभ किए जिनमें कैटिंन, क्राकरी की दुकान, प्रोपर्टी व्यवसाय इत्यादि। लेकिन वर्ष 1970–71 में जयपुर में इन्होंने अपने पेतृक व्यवसाय में कदम रखते हुए रावत मिष्ठान भण्डार का शुभारंभ किया जो कि पहले उनके बड़ें भाई श्री विजयेन्द्र देवड़ा चलाते थे। आपका विवाह श्रीमती अरूणा से हुआ आपके परिवार में 5 पुत्रियां व 1 पुत्र है। आपकी धर्मपत्नी ने भी आपके व्यवसाय में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दिया और मिठाई के व्यवसाय को बढ़ाने में मदद की।

10 वर्षो तक लगातर परिश्रम व ईमानदारी से शुद्वता एवं क्वालिटी से अपने व्यवसाय को बढ़ाया तथा इनका रावत मिष्ठान भण्डार प्रतिष्ठान अपनी प्रसिद्विपाने लगा। सामाजिक सेवा के चलते वर्ष 1979–80 में पुष्कर माली सैनी समाज के सम्मेलन में आप को सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया। आपने संपूर्ण राजस्थान में अपने साथियों के साथ दौरा करके समाज को संगठित करने एवं राजनैतिक चेतना जागृत करने की पहल की व उसमें सफलता भी प्राप्त की। आपने राजनीतिक क्षैत्र में भी उस समय के मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाडियां से लेकर अपने अंतिम समय तक राजस्थान के सभी मुख्यमंत्रियों के साथ घनिष्ठ सम्बंध बनाए रखे। आपने 1980 में जब मोहनलाल सुखाड़िया राजस्थान में चुनाव प्रभारी थे तो श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा ने जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से श्री अशोक गहलोत को टिकट दिलानें की पुरजोर कोशिक की तथा उसमें सफलता प्राप्त की यह चुनाव श्री अशोक गहलोत ने जीत कर फिर अपने राजनीतिक कैरियर में कभी पिछे मुड़कर नहीं देखा हमेशा सफलताऐं प्राप्त करते रहे।

श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा का व्यवसाय तो जयपुर में था परंतु जन्म स्थान जोधपुर होने के कारण इनका आत्मिक संबध मारवाड़ में ही था इसी के चलते प्रत्येक माह श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा 10 से 12 दिन जोधपुर में ही रहते इस बीच इन्होंने जोधपुर में रावत होटल, मथानियां में कृषि फार्म बना कर उसका विकास किया जयपुर में भी रावत कृषि फार्म बनाया। आर्य समाज में इनकी पक्की आस्ाि थी पिछले 55 वर्षो से रोज सुबह यज्ञ करने के बाद ही भोजन लेते थे। यहीं नहीं आपके परिवार के प्रत्येक सदस्यों पुत्र – पुत्रियों, दामाद के साथ नाती पोती भी रोज सुबह यज्ञ करने के बाद ही भोजन लेते है। जोधपुर के स्वामी दयानंद स्मृति भवन में प्रथम यज्ञ में आप यजमान बनें पिछले वर्ष आने स्वामी दयानंद स्मृतिभवन में यज्ञ शाला व भवन निर्माण हेतु 21,00,000 / – लाख रूपये की सहयोग राशि भेंट की। प्रतिवर्ष शरद पुर्णिमा के दन अपने जन्मदिवस पर इष्ट मित्रों, सहयोगियों व परिवार के लोगों के साथ विशेष रूप से पिश्तों की खीर खाजा बना सभी के साथ जन्मदिवस बनाते थे।

आप स्वामी रामदेव पंतजलि योगपीठ के आजीवन सदस्य भी थे। स्वामी रामदेव को आपने 5 लाख रूपये की सहयोग राशि भी भेंट की थी। 2005 में स्वामी रामदेव के जोधपुर आगमन पर 15 नवंबर को सर्किट हाऊस के सामने अपने परिसर में रावत योग प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन भी कराया था, तभी से लेकर आज तक यहां पर प्रतिदिन यज्ञ, योग एवं प्राणायाम की निःशुल्क क्लासेज से सैकड़ों लोग लाभान्वित हो रहे है। पिछले 13 वर्षो से हजारों लोगों ने यहां से स्वास्थ्य लाभ लिया है। यहीं नहीं आज तक यज्ञ शाला का संपूर्ण व्यय आपके परिवार द्वारा ही वहन किया जाता है।

आप सभी से मिलनसार होने के कारण तथा जयपुर में राजनीतिक पार्टियों में अपने संबधों के चलते जोधपुर ही नहीं राजस्थान से समाज के लोग व पुराने मित्रों के सुख दुख में सहभागी रहते थे। जयपुर में किसी भी समाज एवं अन्य व्यक्ति की कोई समस्या होती तो श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा उसके समाधान हेतु हर संभव प्रयास करते थे। उनके यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वो स्वयं अपने साथ भोजन खिला कर ही वापस स्टेशन तक पहुंचाते थे। आप की सहयोग की भावना के चलते वर्ष 2008 में बसपा ने आपको ओसियां से विधानसभा का टिकट दिया तथा आपने वहां प्रथम बार में ही 20,000 से अधिक वोट प्राप्त कर अपनी राजनीतिक पकड़ साबित की। आप हमेशा से विधायक बन कर सर्व समाज की सेवा करना चाहते थे लेकिन राजनीति में सफल नहीं होने के बावजूद अंतिम समय तक सभी राजनीतिक पार्टियों में आपके अच्छे संबधों के चलते उनके पास जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर गया उसकी मदद हेतु तन–मन–धन से सहयोग करते थे। आप पिछले 1 माह से अस्वस्थ थे तथा दिनांक 4 मार्च, 2018 को जयपुर में अंतिम सांस ली। इस प्राकर माली समाज के वरिष्ठ समाज रत्न को समाज ने खो दिया आपकी कमी हमेशा समाज में रहेगी तथा हम सभी परमपिता परमेश्वर से आपकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक सीकर जिले के खाटूश्याम मुख्यालय पर सम्पन्न हुई

# संगठन को मजबूत बना समाज के लोगों की राजनीति में मदद करे:— दिलबाग सैनी



टोंक। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी सीकर जिले के खाटूश्याम मुख्यालय के श्रीश्याम प्रचार संघ टाटा नगर श्रीश्याम ज्योति नगर स्थल पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पदाधिकारियों ने त्रैमासिक में किये कार्यो पर प्रकाश डालते हुये कार्यकारिणी को अवगत कराया।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि संगठन में जो पदाधिकारी समाजसेवा के लिये जुड़े है वो संगठन राजनीति नहीं कर समाजसेवा का ही कार्य करे। संगठन को मजबूत बनाकर समाज के लोगों की राजनीति में मदद करे।

उन्होंने कहा कि समाजसेवा के लिये व्यक्ति को हमेशा आगे बढ़ने की ललक रखनी होगी, जब एक व्यक्ति राजनैतिक क्षेत्र से जुड़कर में पार्षद बनता है तो आने वाले समय में उसे अपनी सोच को आगे बढाकर छत्तीस कौमों की सेवा करते हुये एवं उन्हे साथ लेते हुये पालिका अध्यक्ष, विधायक की भी सोच रखनी चाहिए। राष्ट्रीय महामंत्री सुमन कुमार सैनी ने समाज ओर संगठन को मजबूत बनाने के लिये संगठन के पदाधिकारी समाज हित में धरातल पर कार्य करे, जिससे सैनी समाज सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक, व्यवसायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में संख्या के अनुपात में अपनी सहभागिता निभाते हुये राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके।


संगठन सचिव गुड्डु सैनी ने राजस्थान में हाल ही में होने वाले राज्य सभा चुनाव में भाजपा की ओर से सैनी समाज को टिकट देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय कार्य समिति से प्रस्ताव लेने को कहा।

संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल सैनी ने विभिन्न राज्यों से राजस्थान की धरा पर आये संगठन के पदाधिकारियों व अतिथियों को राजस्थानी परम्परा से शॉल साफे ओर माला से स्वागत किया ओर समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने को लेकर युवा वर्ग को आगे आने का आव्हान किया।

बैठक में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने अपने संबोधन में विभिन्न प्रदेशों के युवा प्रदेश अध्यक्षों द्वारा सदन के समक्ष रखी गई रिपोर्ट को नाकाफी बताते हुये युवा कार्यकारिणी के कार्यों पर अशंतोश जाहिर किया। उन्होंने पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश राज्यों में युवा कार्यकारिणी के विस्तार में आ रही बाधाओं को देखते हुए सदन के समक्ष सीधे नियुक्तियों का प्रस्ताव राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी के समक्ष रखा जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान में पूर्वी राजस्थान तथा पश्चिमी राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्षों को एक महीने में विधान सभावार रिपोर्ट तैयार करके देने को कहा ताकि आगामी योजना तैयार की जा सके। उन्होंने युवाओं की रोजगार समस्यों बारे चर्चा करते हुए समाज के उद्योगपतियों के साथ बैठक करके एक सेमिनार के माध्यम युवाओं के रोजगार और व्यावसायिक सोच को आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा।

हरियाणा के युवा प्रभारी प्रदीप सैनी ने हरियाणा प्रदेश में युवा कार्यकारिणी द्वारा युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास बारे भी रिपोर्ट सभी के समक्ष रखी। वहीं राजस्थान पूर्वी के युवा महासचिव तेजपाल सैनी ने अपने क्षेत्र में शैक्षिक उत्थान के प्रयासों बारे विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने आगामी तीन महीनो में युवा सदस्यता तेजी से बढ़ाने का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, शंकर लाल सैनी कोटपूतली, राष्ट्रीय सचिव बंशीलाल माली, कमलेश सैनी, ने भी सम्बोधित किया। बैठक के अंत में पूर्वी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सिंह सैनी ने सम्बोधित में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव रमेश चंद सैनी रहमानदिया, सचिव राजेश घाटावाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोरी लाल सैनी, पश्चिमी युवा प्रदेशाध्यक्ष विमलेश गहलोत, पूर्वी प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, पूर्वी व पश्चिमी महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी, गीता सौलंकी, रतन देवी सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आर.वी. सैनी, महामंत्री पूजा कुशवाह, उपाध्यक्ष मधु सैनी, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष हंसराज महिला प्रदेशाध्यक्ष रेणी सैनी कौर, जगदीश प्रसाद सैनी चौमूं, रणीजीत सैनी, योगेश सैनी, धर्मचंद सौलंकी, मकराना, बीना सैनी हरिद्वार उत्तराखण्ड, दिल्ली से प्रदीप सैनी, अजय सैनी, प्रभातीलाल सैनी, वृद्वाराम सैनी, महावीर सैनी, बुद्वराम सैनी, शालू सैनी, सतीश सैनी, श्याम सुन्दर, बलवीर सैनी, राजेश, सुनिता सैनी, किशन लाल सैनी, कन्हैया लाल माली, भैरूलाल माली, शम्भू दयाल सैनी, सुरेश सैनी, ख्यालीराम सैनी, ताराचंद सैनी, रोशन सैनी, पंकज सांखला, धर्मेन्द्र सांखला, घीसालाल सैनी, मेवालाल जादम, श्रीचंद सैनी, हनुमान सैनी, गणपत लाल टांक, भंवर लाल सैनी, योगेश कुमार सैनी, विक्की माली, राजकुमार सैनी, राजेश सैनी, जयकिशन सैनी, रामचन्द्र सैनी, दयानंद सैनी, महेन्द्र सैनी, दीपक सैनी, त्रिलोक सैनी, बी.एल. सैनी, तेजपाल सैनी, दुर्गाराम सैनी, लालाराम सैनी, रतन लाल, बलदेव प्रसाद, सुबेसिंह सैनी, कैलाश सैनी, कल्याण सहाय सैनी, शंकर लाल सैनी, महावीर सैनी, नरेन्द्र सैनी, राहुल सैनी, युवराज सैनी, ललिता सैनी, दीपक सैनी, मंगल सैनी सहित राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि राज्यों से सैनी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।



# गाजर नगरी के लाल मदनलाल देवड़ा को नई दिल्ली में मिला कृषक सम्राट सम्मान

जोधपुर। मथानिया क्षेत्र के प्रगतिशील किसान मदनलाल देवड़ा को नई दिल्ली में आयोजित महिंद्रा समृद्धि इंडिया एग्री अवार्ड – 2018 कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री राधामोहन सिंह जी के द्वारा कृषक सम्राट सम्मानय फार्मर ऑफ दी ईयर –2018 प्रदान किया।

यह सम्मान कृषि क्षेत्र में सार्थक योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता हैं। जो की राष्ट्रीय स्तर पर 3 श्रेणियों में दिया जाता हैं, देवड़ा को यह सम्मान 5 से 20 एकड़ वाले वर्ग मेंए उनके द्वारा जैविक पद्धति से ईजाद की गई गाजर की उन्नत किस्म दुर्गा – 4 के लिए दिया गया हैं । मदनलाल देवड़ा ने बताया की उनकी किस्म दुर्गा 4 को देश के कृषि विश्वविद्यालयों व कृषि अनुसंधान केंद्रों में प्रायोगिक तौर पर उगाई गई जिसकी गुणवत्ता के परिणाम भी सर्वश्रेष्ठ रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न संस्थाओं में आयोजित कार्यशालाओं में अपने व्याख्यान भी दिये हैं जो कृषि वैज्ञानिकों को भी आश्चर्यचकित करने वाले थे। हालांकि कुछ पारिवारिक कार्य के कारण वो दिल्ली नहीं जा पायेए इसलिए उनकी अनुपस्थिति में ये सम्मान उनके बड़े पुत्र ने ग्रहण किया इसमें उन्हें स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र व ₹2,11,000 का चैक प्रदान किया गया ।

ध्यान रहे देवड़ा को पिछले वर्ष देश के राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के कर.कमलों से भी सम्मान मिल चुका हैं। देवड़ा के इन्हीं अथक प्रयासों से इस किस्म को तैयार कर गाजर की अधिक उपज अच्छी कीमत पाने और पोषणयुक्त फसल के लिए जैविक पद्धति से उत्पादन करने के लिए भी प्रेरित किया हैं और साथ ही मायूस व विभिन्न समस्याओं से ग्रसित किसानो में एक नये जोश उमंग और आशा की लौ जलाते हुए संपूर्ण कृषक समाज को गौरवान्वित भी किया हैंए जिसके लिए सम्पूर्ण कृषक समाज और माली सैनी संदेश परिवार आपका ह्रदय से आभार प्रकट करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाये प्रेषित करता है।

# भरतपुर नगर पालिका में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मुनजी सैनी ने 40 लाख रुपए की जमीन समाज के लिए दी

## प्रेरणास्पद भामाशाह की ओर से दान की गई जमीन पर महात्मा फूले भवन का शिलान्यास किया

फतेहपुर। कस्बे में सैनी समाज के लिए भामाशाह द्वारा दी गई 40 लाख रुपए की दो बीघा जमीन पर शुक्रवार को फूले भवन का शिलान्यास किया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल भभेवा और मोतीलाल पापटान ने बताया कि आनंद ही आनंद बालाजी के पास हुए शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भामाशाह ओमप्रकाश मुनजी सैनी ने की। मुख्य अतिथि चंचलनाथ टीला झुंझुनूं पीठाधीश्वर संत ओमनाथ थे। सैनी समाज सेवा समिति रामगढ़ अध्यक्ष भंवरलाल तंवर, लक्ष्मणगढ़ सैनी समाज अध्यक्ष रामवतार सिंगोदिया, हरीश सैनी, फूले संस्थान संरक्षक आचार्य रामगोपाल शास्त्री, दयाराम राकसिया, महेंद्र खडोलिया विशिष्ट अतिथि थे। पालिकाध्यक्ष ने भवन के चारों तरफ सीसी रोड बनवाने की घोषणा की। रामवतार कटारिया, भोलाराम बागड़ी, सहदेव भभेवा, विनोद कटारिया, किशोर खडोलिया, किशन टाक आदि थे।

इन्होंने भी दिया सहयोग सामान्य परिवार के ओमप्रकाश मुनजी सैनी यहां पालिका में चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी हैं। उन्होंने समाज के लिए करीब 40 लाख रुपए की दो बीघा भूमि दान की। महात्मा फूले संस्थान के भवन निर्माण के लिए नागरमल कटारिया और प्रहलाद, मोतीलाल पापटान ने एक–एक कमरा बनवाने, मुन्नालाल राकसिया ने 5.51 लाख रुपए, भंवरलाल पंवार ने 2.51 लाख के अलावा हरीश भभेवा, महावीर टांक, श्रवण गढ़वाल, नौरंग भभेवा, रामप्रताप राकसिया, रामगोपाल मिटावा आदि ने एक–एक लाख और देवकीनदंन और बुधरमल ने 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश सैनी ने किया।

माली सैनी संदेश परिवार श्री मुनजी सैनी का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उनके मंगलमयी जीवन की मंगलकामना करता है जिन्होंने अपने अथक मेहनत एवं समाज के प्रति सच्ची भावनाएं देखाते हुए न केवल अपने आजीवन कमाई हुई राशि का दान किया बल्कि समाज के अन्य दानदाताओं को भी प्रोत्साहित किया जिन्होंने इस भवन हेतु अपनी ओर से सहयोग राशि देने की घोषणा की। हम सभी दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए फतेहपुर समाज में बनने वाले भव्य महात्मा फूले भवन के लिए बधाई प्रेषित करते है।

विशाल कलश शोभायात्रा के बाद संत श्री 108 रामप्रसाद जी महाराज के श्रीमुख से शुरु भागवत कथा में उमड़ रहा हे जनसेलाब

# भक्ति प्राप्त करने का उत्तम साधन है कथा श्रवण– संत श्री रामप्रसाद जी






नागौर। श्रीमद भागवत कथा सत्य की विवेचना करती है। भक्ति प्राप्त करने का सबसे उत्तम व सरल साधन कथा श्रवण है। कथा जीवन को पवित्र करने वाली है। यह विचार कथा वाचक व रामस्नेही संत रामप्रसाद महाराज बड़ा रामद्वारा सूरसागर जोधपुर ने व्यक्त किए। संत रामप्रसाद महाराज ईकासर, ताऊसर के भाटी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अवसर पर प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भागवत में ज्ञान, वैराग्य, भक्ति सभी का समन्वय है। मन की शुद्धि के लिए यह श्रेष्ठ साधन है। जिनका मन शुद्ध होता है वही भगवान के प्रिय होते हैं। भगवान स्वयं ही कहते हैं कि मोही कपट छल छिद्र न भावा। भगवान का यही स्वरूप व भाव सत चित्त को आनंदित करने वाला होता है। कथा के प्रथम दिन संत ने भागवत कथा के महात्मय की विवेचना करते हुए मंगलाचरण की तथा कहा कि ज्ञान व वैराग्य भक्ति के पुत्र हैं। सत्कर्म करने से ज्ञान व वैराग्य पुनः नवीन स्थिति को प्राप्त करते हैं। सत्कर्म से भक्ति भाव में अभिवृद्धि होती है तथा भक्ति भाव से सत्कर्म में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तों के कष्ट नहीं देख सकते। भक्तिमति मीरा व भक्त नरसी मेहता इसके उदाहरण है। भगवान तो भाव के भूखे हैं। कथा के प्रारंभ में ऋषि सनतकुमार, सनकादि ऋषियों के श्रीमुख से भगवान के इसी वैशिष्टय का श्रवण नारद मुनि को श्रोता के रूप में करवाया गया। जिसकी व्याख्याता संत रामप्रसाद महाराज द्वारा की गई। इससे पूर्व आयोजक परिवार ने मातृशक्ति व श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति के बीच गीता देवी के मार्गदर्शन में भव्य शोभायात्रा के साथ महाराजश्री के आगमन का भावभीना स्वागत किया। पंडित गोविंद जोशी, गिरधरगोपाल, कन्हैया लाल व पं. ऋषिकेश द्वारा वरूण व कलश पूजन सुन्दीसर तालाब पर करवाया गया। भाटी परिवार के मूलचन्द भाटी ने सपत्नीक श्रीमद् भागवत को शिरोधार्य कर कथा पांडाल में विराजमान किया। इस अवसर पर आयोजक परिवार के हीरालाल, कमलकिशोर व अशोक भाटी की ओर से नागौर विधायक हबीबुर्रहमान अशरफी लाम्बा, नगर सभापति कृपाराम सोलंकी, ताऊसर के पूर्व सरपंच फूलचन्द देवड़ा, माली समाज अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार, सुगनचन्द परिहार, उपाध्यक्ष रामजस भाटी ,सचिव रामकुमार सोलंकी ,अमरपुरा संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, टीकमचन्द कच्छवाह, रामनिवास टाक, भंवरलाल तंवर का स्वागत किया गया।

**कथा में संत ने बताई शिक्षा व संस्कारों की महत्ता**

ताऊसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक रामस्नेही संत रामप्रसाद महाराज ने कहा– कि माता–पिता के द्वारा मिली संस्कारित शिक्षा से बेटियां ससुराल को भी स्वर्ग जैसा बना देती है। कथा में महाराज ने कहा कि माता–पिता की आज्ञा पालन करने से जीवन में भटकाव व अटकाव नहीं आते है। श्रीमद् भागवत कथा को वर्तमान व्यवहारिक पक्षों से संबंधित करते हुए महाराज ने कहा कि क्रोध को विचार से जोड़ना चाहिए। यही से विचार– भाव अगर भगवान के साथ जुड़ जाते हैं तो प्रभु ऐसे भक्तों की भक्ति को कभी निष्फल नहीं होने देते हैं। उन्होंने कहा– कार्य करते हुए भी चित्त सदा भगवान में लगाना चाहिए। संत ने भक्तों से कहा– खाली दिमाग शैतान का घर होता है। भगवान तो घट घट के वासी होते हैं उसे शैतान का स्थान न बनने दें।

इस अवसर पर संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने कहा– कि आज के समय में शिक्षा व संस्कारों की महत्ती आवश्यकता है जिसे भावी पीढ़ी को प्रदान करने में संतों की सत्संग जरूरी है। उन्होंने नववर्ष प्रतिपदा की अग्रिम शुभकामना देते हुए अमरपुरा धाम की प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि करने के महती कार्य में सहयोग के लिए संत शक्ति व भक्तों का आभार व्यक्त किया।

प्रवचन प्रसिद्ध संत व मारवाड़ की माटी की सुगन्ध को अपनी राजस्थानी बोली में प्रवाहित करने वाले रामस्नेही संत रामप्रसाद महाराज ने कहा– बल, बुद्धि, विद्या व आयु प्रणाम करने से प्राप्त होती है। इस नमन में विनयशीलता व अनुशासन होता है जो इन गुणों का विकास करने में सहायक होते हैं। कथा आयोजन परिवार के मूलचंद भाटी, हीरा लाल भाटी, अशोक कुमार भाटी एवं कमल किशोर भाटी ने सपत्नीक आरती का लाभ ग्रहण किया। इस दौरान मुरली महाराज, नागौर प्रधान ओमप्रकाश सेन, मूंडवा प्रधान राजेन्द्र फिड़ौदा, हरिराम धारणिया, अमरपुरा संस्थान के मंत्री राधाकिशन तंवर, रमेश सारस्वत, नंदकिशोर बजाज, सुखराम सोलंकी, नथमल मिस्त्री, उम्मेदसिंह राजपुरोहित, घेवरचंद नाहटा, जगदीश नारायण शर्मा, दिनेश देवड़ा, शिवनारायण चांडक, प्रवीण बांठिया, कृपाराम गहलोत, रामनिवास मित्तल, भागीरथ भाटी सहित अनेक लोग कथा पांडाल में कथा का लाभ उठाया।

गृहस्थ व्यवस्था का सात्विक प्रकार से पालन करना भी एक धर्म है। इसमें भी भगवत नाम का स्मरण करना भी श्रेष्ठ है। अन्यथा गृहस्थ का मार्ग विपरीत दिशा में जा सकता है। यह प्रेरक विचार परमहंस संत रामप्रसाद महाराज ने ताऊसर के इकासर बास में आयोजित श्रीमद् भागवत् ज्ञान कथा यज्ञ के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कथा प्रसंग में भगवान कृष्ण के बहु आयामी व प्रेरक प्रसंगों की विवेचना की। भगवान कृष्ण को ऊखल से बांधने का प्रसंग बताते हुए कहा कि भक्त व वैराग्य से ही परमात्मा को बांधा जा सकता है। कार्यक्रम में कृष्ण के जीवन की विभिन्न झांकिया भी प्रस्तुत की गई। उन्होंने कृष्ण के गौसेवा के भाव का उल्लेख करते हुए कहा कि गाय बचेगी तो देश बचेगा। सरकारों द्वारा किए गए प्रयास से ही काम नहीं चलेगा। आम नागरिकों को गौरक्षा के लिए सचेत होना होगा। इस मौके पर संत मदनदास, देवेन्द्र डागा, जयसिंह, कमलकिशोर भाटी, अशोक, रविन्द्रसिंह परिहार, जेठमल गहलोत, आईदानराम भाटी, आसाराम भाटी, जगवीर छाबा, संजय सारस्वत आदि मौजूद थे। आयोजक परिवार के मूलचन्द भाटी व हीरालाल भाटी ने संत समाज व अतिथियों का अभिनंदन किया।

सामूहिक विवाह हमारे समाज को नई प्रेरणा व दिशा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

# सैनी समाज के 39 जोड़े बंधे परिणय–सूत्र में

## माली सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन चोंमु भोजलावा देवनगरी मैं भी 26 जोड़े बंधे विवाह बंधन में











सवाई माधोपुर। सैनी (माली) समाज प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति जिला सवाई माधोपुर की ओर से सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को जटवाड़ा खुर्द घुड़ासी मोड़ पर संपन्न हुआ। इस विवाह सम्मेलन में विधि विधानपूर्वक 39 जोड़े परिणय–सूत्र में बंधे।

आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के प्रवक्ता हंसराज सैनी ने बताया कि इस विवाह सम्मेलन के तहत शनिवार को सुबह महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। बैंडबाजों से निकाली गई यह कलश यात्रा गायत्री मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल जटवाड़ा खुर्द घुड़ासी मोड़ पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद रात को चाक–बासन, मंडप सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय सहित अन्य जगहों से आई गायन पार्टियों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

अगले दिन रविवार को खुले वाहनों में दूल्हों को बैठाकर निकासी निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होकर आयोजन स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर तोरण मारने के बाद 39 जोड़े अग्नि के फेरे लेने के बाद परिणय–सूत्र में बंधे। इस अवसर पर सवाई माधोपुर विधायक दीया कुमारी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। दीया कुमारी ने सामूहिक विवाह समारोह में अपने उद्‌बोधन में नव विवाहित वर–वधु के मंगल जीवन की कामना के साथ परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि आज के महंगाई के दौर में जहां खर्चीले विवाह एक दिखावा बन गए है और आपस में होड़ मची हुई है। ऐसे समय में सामूहिक विवाह हमारे समाज में नई प्रेरणा व दिशा के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो गए हैं। विधायक ने कहा कि हमें फिजूलखर्ची से बचते हुए इस राशि का उपयोग बचपन से बेटी की शिक्षा के लिए करना चाहिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। इस तरह के विवाह में दो परिवारों सहित पूरे समाज का आपसी अटूट बंधन होता है जो खुशी वैवाहिक जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक होता है।

इसके साथ ही टोंक–सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, वैभव गहलोत सहित अन्य कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर नव वैवाहिक दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में यूआईटी चेयरमैन जगदीश अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़ सहित बड़ी संख्या में सैनी समाज के महिलाएं, पुरुष, बच्चें आदि मौजूद थे।

मेहनत से पाया मुकाम

## जूडो में सरिता ने बनाई अंतरराष्ट्रीय पहचान



खंडेला (सीकर)। घूंघट में रहने वाली महिलाएं जब अपनी बेटियों को खुले आकाश में उड़ने की आजादी देती है तब यहीं बेटिया अपने माता–पिता का सिर फक्र से ऊंचा कर देती है। खंडेला पंचायत समिति के रामपुरा गांव की बेटी सरिता सैनी ने भी खुले आकाश में उड़ते हुए जूडों में मुकाम हासिल किया है।

सरिता ने जूडो में अन्रराष्ट्रीय स्तर तक खेल कर सीकर जिले का नाम रोशन किया है। 21वर्ष की आयु में सरिता ने 12नेशनल जूडो प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर राजस्थान में अनेक प्रतियोगिताएं जीती। साथ ही कोच और रेफरी की भी भूमिका निभाई। वर्तमान में सरिता सीकर जिला जूड़ो संघ के सचिव व कोच के पद पर है। सरिता ने कई बार जिले का कुश्ती में भी प्रतिनिधित्व किया है। सरिता को राजस्थान स्पोटस् काउंसिल द्वारा 1 लाख 62 हजार जूडो चैम्पियन बनने पर दिए गए थे।

वर्तमान में सरिता रामपुरा में जूडो का प्रशिक्षण दे रही है, जहां लड़कियों की एक टीम तैयार की जा रही है। रामपुरा जूड़ो सेन्टर पर सरिता 30 लड़कियों व 25 लड़कों को जूडो व कुश्ती का प्रशिक्षण दे रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थित कमजोर होने के बावजूद सरिता ने मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सरिता छह भाई बहिनों में तीसरे नम्बर की है। पिताजी मजदूर है और माता गृहिणी है।

समाज की होनहार युवा सरिता को माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई जिन्होंने अल्प समय में अपने परिवार के साथ समाज ही नहीं देश को भी गौरवान्वित किया है। हम सभी को समाज की इस बेटी पर गर्व है।

## प्रसिद्ध गायक रमेश माली को मुम्बई में मिला ऑल इंडिया मीडिया कौंसिल अवार्ड

मारवाड जंक्शन। जिले के प्रसिद्ध गायक रमेश माली को मुम्बई में ऑल इंडिया मीडिया कॉउंसिल अवार्ड से सम्मानित किया गया। उदघोषक अनिल कुमार ने बताया कि यह अवार्ड पूरे भारतवर्ष में अलग–अलग क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 34 लोगों को मुम्बई में सम्मानित किया गया।

यहां मुम्बई में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर गजानंद जोशी एवं बालीवुड संगीतकार प्रशुन शर्मा, सम्मानित समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र विश्वकर्मा के हाथों और सन्तोषी माता सीरियल फैम एक्टर रतन राजपूत की उपस्थिति में यह अवार्ड दिया गया। गौरतलब है कि राजस्थानी गायकी में माली को मरूधर स्वर सम्राट के खिताब से भी नवाजा गया है। वही माली ने कहा कि यह अवार्ड माता–पिता गुरूवर को प्रशंसकों को सुपुर्द करता हूँ। यह सब उनका प्यार है, माली के सम्मानित होने के बाद सोशल मीडिया पर बधाइयों का दौर जारी रहा। मुम्बई में सम्मानित होकर लौटे गायक माली का मारवाड जंक्शन रेलवे स्टेशन पर साई दर्शन सेवा संस्थान एवं पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष शैलेष वर्मा के सानिध्य में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर राजस्थानी कला का परचम लहराने वाले माली का साफा एवं मुह मीठा करवा कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला सचिव नगेन्द्रसिंह गुर्जर, भाजपा मंडल मंत्री रमेश आसवानी, उदघोषक एवं पत्रकार अनिल कुमार, समाजसेवी हारून खान, कमल कुमार जीनगर, मुकेश टेनी चेतन कुमार, लक्ष्मण जोहिन्द, कैलाश भाटिया सहित ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

माली सैनी संदेश परिवार की ओर से रमेश माली को हार्दिक बधाई एवं मंगलमयी शुभकामनाएं।

## बांदीकुई में समाज की प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग सेंटर



**बांदीकुइ।** ज्योतिबा फूले अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा संस्थान बांदीकुई के तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले माली समाज के छात्र–छात्राओं के लिए रविवार को सैनी आदर्श विद्या मंदिर नवीन भवन में निःशुल्क कोचिंग संस्थान का शुभारम्भ हुआ। कोचिंग संस्थान का उद्घाटन दौसा जिला सहकारी उपभोक्ता भंडार के महाप्रबंधक कैलाश चंद सैनी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक सैनी ने समाज के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा उठाये गए इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज व देश का विकास संभव है। शिक्षा से ही समाज मे जागरूकता आती है और इस प्रकार के आयोजनों से समाज के युवाओं का उत्साह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कोचिंग का काम केवल मार्गदर्शन होता है। कोचिंग के अलावा छात्र की उन्नति में उसकी मेहनत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उदघाटन समारोह में मंचासीन अतिथियों ने संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया।

समारोह को सहकारी समिति बांदीकुई के अकाउंटेंट महेंद्र सैनी,राजस्थान मूल ओबीसी महासंघ जयपुर के अध्यक्ष सागरमल सैनी कर्मयोगी ने कहा कि समाज मे महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में. समाज सेवा करके समाज के युवाओं को उच्च शिखर पर पहुचाने के लिए महात्मा फूले अधिकारी कर्मचारी संस्था ने सराहनीय कार्य किया है। सैनी समाज बांदीकुई के अध्यक्ष डॉ रामदयाल सैनी, पशु चिकित्सक डॉ मृगराज सैनी, प्रधानाचार्य दिनेश चंद सैनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक मनोहर सैनी, रामनारायण सैनी, वैद्य रोशनलाल सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में भाग लेने आये अतिथियों का संस्थान के सदस्यों ने माला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता डॉ लेखराज सैनी ने किया। संस्थान के दिनेश चंद सैनी ने बताया कि माली समाज के छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के उद्देश्य से इस निशुल्क कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया गया है। सैनी ने बताया कि कोचिंग के शुरुआती दौर में मैथ, रिजिनिंग व इंग्लिश की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि निशुल्क कोचिंग संस्थान में शाम साढ़े 4 बजे से साढ़े 6 बजे तक माली समाज के विशेष ख्याति प्राप्त शिक्षक अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि छात्र–छात्राओं को संस्थान में प्रवेश लेने के लिए एक बार रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने बताया कि निशुल्क कोचिंग संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्रा बड़ियाल रोड पर स्थित अभय पुस्तक भंडार, आगरा फाटक पर स्थित स्टूडेंट फोटो कॉपियर्स व सैनी आदर्श विद्या मंदिर नवीन भवन में स्थित कोचिंग स्थल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

# फोटो समाचार





नेशनल डायमंड अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित हुई श्रीमती ललिता महारावल एवं सुश्री सुमित्रा गहलोत



सोजत में आयोजित माली समाज की गेर की झलकियां



जोधपुर के जितेन्द्र सांखला, यंग अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित



श्री भंवरलाल देवड़ा को सुमेरपुर समाज के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



आर्य समाज, मगरा द्वारा रामसागर चौराहे पर आयोजित भारतीय नववर्ष आयोजन में उपस्थित प्रबुद्धजन

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., न.पालिका) बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा,भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली, पूर्व सरपंच, महिलावास, सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा

श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसा., जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर

श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर

श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास,
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू (पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान, तिवंरी
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां, तिवंरी
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा (उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां, तिंवरी
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल पुत्र(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमामराम गहलोत, तिंवरी
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी

सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी.ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, पीपाड़

## बड़ौदिया में 13वां विवाह सम्मेलन 17 अप्रेल को, जाजवा में भी 26 अप्रेल को

जजाव, जिला बूंदी। इस वर्ष 26 से 27 अप्रेल 2018 को झेंटाल माताजी के आशीर्वाद से धीवर माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन झेंटाल माताजी के प्रांगण में रखा गया है। नैनवा तहसील में माली समाज का यह एक मात्र सम्मेलन है। आस पास के गांवो के जोड़ो की सुविधा को ध्यान में रखते हुये यह सम्मेलन रखा गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे है।सम्मेलन माताजी के विशाल प्रांगण में हाइवे रोड़ से मात्र 500 मीटर दूर ही होगा। समाज के सभी वर्गो के आने जाने की 24 घण्टे सुविधा रहेगी।

इसी प्रकार बाड़ौदिया में भी 13वां भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 17 अप्रेल, 18 को रखा गया है जिसकी तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है।

**आदर्श माली विकास समिति** बाड़ौदिया जिला बुंदी

**13वां हाड़ौती माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन**


मंगलवार, 17 अप्रेल, 2018

# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ______

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है।**

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु 400/-** | **पांच वर्ष रु 900/-** | **आजीवन रु 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ______

पता ______

फोन/मोबाईल ______ ई-मेल ______

ग्राम ______ पोस्ट ______ तहसील ______

जिला ______ पिनकोड ______

राशि (रुपये) ______ बैंक का नाम ______

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ______ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ______

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखें : - प्रसार प्रभारी

माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं। 9, जोधपुर

3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

# ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर**

# सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम की झलकियाँ



















Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

## समाज गौरव वरिष्ठ राजनीतिज्ञ

# आदरणीय श्री मदनलाल सैनी

के निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं











स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR